रिपोर्ट

लीगल लिटरेसी सेल

वार्षिकोत्सव 31.03.2016

अग्रवाल कालेज संभाग द्वितीय में दिनांक 31.03.16 को लीगल लिटरेसी सेल का वार्षिक उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्री देवेन्द्र गुप्ता जी, प्रधान अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा एवं प्रधान अग्रवाल महाविद्यालय प्रबंध समिति के द्वारा दीपशिखा प्रज्ज्वलित करके किया गया। डॉ0 वासुदेव गुप्ता जी, उप-प्रधान अग्रवाल महाविद्यालय प्रबंध समिति व कालेज के प्राचार्य डॉ0 कृष्ण कान्त गुप्ता जी सम्माननीय अतिथि के रूप में उपस्थित थे। लीगल लिटरेसी सेल की संयोजिका व द्वितीय संभाग की प्रभारी डॉ0 ऊषा अग्रवाल ने पुष्प-गुच्छों द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया तथा लीगल लिटरेसी सेल के उद्देश्यों से भी अवगत कराया। कालेज प्राचार्य डॉ0 कृष्ण कान्त गुप्ता जी कहा कि कानून के प्रति सजग रहना चाहिए तथा अपने-अपने सामाजिक उत्तरदायित्व का पालन करना चाहिए। लीगल लिटरेसी सेल के विद्यार्थियों ने गीत, भाषण व काव्यपाठ द्वारा ज्वलंत सामाजिक विषयों जैसे भ्रूण-हत्या, घरेलू-हिंसा, दहेज-प्रथा से अवगत कराया। इसके उपरान्त अर्थशास्त्र विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर श्रीमती त्रिमेश कालरा जी ने स्वरचित कविता'' एक श्रद्धान्जलि- निर्भया के नाम'' सुनाई। विद्यार्थियों के लिए बेटी बचाओ, बेटी पढाओ विषय पर एक डोक्यूमेन्टरी फिल्म दिखाई गई। श्रीमती विनीता शर्मा ने सत्र 2015-16 की लीगल लिटरेसी सेल की वार्षिक गतिविधियों का पूरा ब्यौरा दिया। कार्यक्रम के मुख्य-अतिथि श्री देवेन्द्र गुप्ता जी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हे कानून और अधिकारों के प्रति जागरुक होने के साथ-साथ अपने कर्त्तव्यों के प्रति भी सजग रहना चाहिए। मुख्य अतिथि ने सत्र 2015-16 के दौरान लीगल लिटरेसी सेल की विभिन्न प्रतियोगिताओं में सफल रहे विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। अग्रवाल महाविद्यालय की लीगल लिटरेसी सेल की संयोजिका डॉ0 ऊषा अग्रवाल ने लीगल लिटरेसी सेल के सभी विद्यार्थियों को बधाई दी तथा अतिथियों का स्मृति-चिन्ह भेट कर धन्यवाद किया।